भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1744 #
गुरूवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद योजना

1744 # श्री संजय सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत 3 वर्षों के दौरान प्रसाद योजना के अंतर्गत आवंटित धनराशि एवं उसके व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रसाद योजना के अंतर्गत कितने तीर्थ स्थलों के बुनियादी ढांचे में सुधार किया गया है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वृद्ध एवं दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए तीर्थ स्थलों तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए किए गए विशेष सुधारों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) के तहत चिह्नित तीर्थस्थलों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

विगत तीन वर्षों के दौरान प्रशाद योजना के तहत आवंटित और व्यय की गई राशि का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु. में)

वर्ष	**बजट अनुमान (बीई)**	**संशोधित अनुमान (आरई)**	**व्यय**
2022-23	235	234	91.5
2023-24	250	200	125.90
2024-25	240	100	87.1*

*अनुमानित

(ख): प्रशाद योजना के तहत भौतिक रूप से पूरी की गई परियोजनाएं, जहां अवसंरचना में सुधार किया गया है, का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी प्रशाद योजना के तहत वृद्ध और दिव्यांग तीर्थयात्रियों के लिए तीर्थस्थलों तक पहुंचने की सुविधा हेतु रैंप, रेलिंग, समर्पित व्हीलचेयर-सुलभ सुविधाओं, ई-वाहनों और लिफ्टों के लिए प्रावधान आदि सहित चारों ओर से पहुंच की सुविधाओं की मंजूरी प्रदान की है।

*****

अनुबंध

श्री संजय सिंह द्वारा प्रसाद योजना के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 1744 # के भाग (ख) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के तहत भौतिक रूप से पूर्ण परियोजनाओं का विवरण

राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)**
आंध्र प्रदेश	1.	अमरावती में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77
	2.	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
असम	3.	कामाख्या मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80
बिहार	4.	पटना साहिब में विकास	2015-16	29.62
	5.	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63
गुजरात	6.	द्वारका का विकास	2016-17	10.46
	7.	सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36
	8.	सोमनाथ में सैरगाह का विकास	2018-19	47.12
जम्मू और कश्मीर	9.	हजरतबल दरगाह में विकास	2016-17	40.46
झारखंड	10.	बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास	2018-19	36.79
केरल	11.	गुरुवायूर मंदिर में विकास	2016-17	45.19
मध्य प्रदेश	12.	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	43.93
मेघालय	13.	नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास	2020-21	29.29
नागालैंड	14.	मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास	2018-19	25.20
पंजाब	15.	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40

राजस्थान	16.	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64
तमिलनाडु	17.	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
	18.	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86
उत्तर प्रदेश	19.	वाराणसी का विकास - चरण-I	2015-16	18.73
	20.	मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II)	2014-15	10.98
	21.	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
	22.	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
	23.	वाराणसी का विकास - चरण-II	2017-18	44.60
	24.	गोवर्धन में अवसरंचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59
उत्तराखंड	25.	केदारनाथ का एकीकृत विकास	2015-16	34.77
	26.	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थस्थल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार	2021-22	54.36
पश्चिम बंगाल	27.	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03

*****